# छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन-2023... 70 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 1219 अभ्यर्थियों ने भरे 1985 नामांकन पत्र

## द्वितीय चरण के लिए अंतिम दिन 1245 नामांकन पत्र हुए दाखिल, आज होगी नामांकन पत्रों की जाँच

**रायपुर।** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 अंतर्गत द्वितीय चरण के 70 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए लिए कुल 1219 अभ्यर्थियों ने 1985 नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। द्वितीय चरण के लिए आज नामांकन के अंतिम दिन कुल 1245 नामांकन पत्र दाखिल किए गए।

उल्लेखनीय है कि विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत द्वितीय चरण में रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग तथा सरगुजा संभाग के कुल 70 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। द्वितीय चरण के लिए नामांकन पत्रों की संवीक्षा 31 अक्टूबर को होगी। अभ्यर्थी 2 नवम्बर तक अपने नाम वापस ले सकते हैं।

द्वितीय चरण के लिए 17 नवंबर को कुल एक करोड़ 63 लाख 14 हजार 479 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे, जिसमें 81 लाख 41 हजार 624 पुरुष मतदाता और 81 लाख 72 हजार 171 महिला मतदाता तथा 684 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं।




विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत द्वितीय चरण में भरतपुर-सोनहट, मनेन्द्रगढ़, बैकुंठपुर, प्रेमनगर, भटगांव, प्रतापपुर, रामानुजगंज, सामरी, लुण्ड्रा, अम्बिकापुर, सीतापुर, जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव, लैलूंगा, रायगढ़, सारंगढ़, खरसिया, धर्मजयगढ़, रामपुर, कोरबा, कटघोरा, पाली-तानाखार, मरवाही, कोटा, लोरमी, मुंगेली, तखतपुर, बिल्हा, बिलासपुर, बेलतरा, मस्तूरी, अकलतरा, जांजगीर-चांपा, सक्ती, चंद्रपुर, जैजैपुर, पामगढ़, सराईपाली, बसना, खल्लारी, महासमुंद, बिलाईगढ़, कसडोल, बलौदाबाजार, भाटापारा, धरसींवा, रायपुर ग्रामीण, रायपुर नगर पश्चिम, रायपुर नगर उत्तर, रायपुर नगर दक्षिण, आरंग, अभनपुर, राजिम, बिन्द्रानवागढ़, सिहावा, कुरूद, धमतरी, संजारी बालोद, डौंडीलोहारा, गुण्डरदेही, पाटन, दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, भिलाई नगर, वैशाली नगर, अहिवारा, साजा, बेमेतरा और नवागढ़ विधानसभा क्षेत्रों में 17 नवंबर 2023 को मतदान होगा। प्रथम तथा द्वितीय दोनों ही चरणों की मतगणना 3 दिसंबर 2023 को होगी।

### विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा से 9 अभ्यर्थी ने दाखिल किया नामांकन पत्र

**रायगढ़।** मनीषा गोंड (जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे), विद्यावती सिदार (इंडियन नेशनल कांग्रेस), सुनीति सत्यानंद राठिया (भारतीय जनता पार्टी), अजय कुमार पंकज (हमर राज पार्टी), रघुवीर राठिया (गोंडवाना गणतंत्र पार्टी), श्रवण भगत (बहुजन मुक्ति पार्टी),श्री अशोक कुमार भगत (निर्दलीय), भजन सिदार (निर्दलीय) एवं महेन्द्र कुमार सिदार (निर्दलीय)

### विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-18 खरसिया से 10 अभ्यर्थी ने नामांकन पत्र दाखिल किया

उमेश पटेल (इंडियन नेशनल कांग्रेस), परिमल यादव (जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे), पूर्णिमा विजय जायसवाल (आम आदमी पार्टी), प्रवीण विजय जायसवाल (आम आदमी पार्टी), महेश साहू (भारतीय जनता पार्टी), कीर्ति कुमार राठिया (गोंडवाना गणतंत्र पार्टी), भवानी सिंह सिदार (हमर राज पार्टी), यशवंत निषाद (जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी), गोवर्धन राठिया (निर्दलीय) एवं विनोद चन्द्र सिंह राठौर (निर्दलीय)

### विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-19 धरमजयगढ़ से 7 अभ्यर्थी ने नामांकन पत्र दाखिल किया

जोगेन्द्र एक्का (जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे), लालजीत सिंह राठिया (इंडियन नेशनल कांग्रेस), सत्यबती राठिया (बहुजन समाज पार्टी),श्री हरिशचंद्र राठिया (भारतीय जनता पार्टी), अनुप कुमार बरवा (बहुजन मुक्ति पार्टी), महेन्द्र कुमार सिदार (हमर राज पार्टी) एवं सुनील खेस्स (निर्दलीय)

### सारंगढ़ और बिलाईगढ़ विधानसभा के लिए 13-13 अभ्यर्थियों ने जमा किया नामांकन



**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टोरेट सारंगढ़ में सारंगढ़ विधानसभा-17 और बिलाईगढ़ विधानसभा-43 के लिए 13-13 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र जमा किया।सारंगढ़ विधानसभा के अभ्यर्थी में नारायण रत्नाकर, उत्तरी जांगड़े, धनका निराला, शिवकुमारी सारधन चौहान, अजय कुर्रे, ललिता बघेल, रामकुमार अजगल्ले, देव कोशले मधुलाल सारथी, छबीलाल रात्रे, मनोज कुमार लहरे, शैलकुमार अजगल्ले, मनीन्दर निराला शामिल हैं। इसी प्रकार बिलाईगढ़ विधानसभा के अभ्यर्थियों में श्याम टंडन, संतोष सोनवानी, दिनेश जांगड़े, कविता प्राण लहरे, बुधराम रात्रे, रामेश्वर सोनवानी, फुलकुमारी जांगड़े, दादूराम प्रेमी, कपिल कुमार खटकर, ब्रम्हानंद मारकंडे, रेवालाल कुर्रे, अशोक कुमार धृतलहरे और आंचल निराला शामिल हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जांच टीम ने जब्त किया एक लाख रपए नगदी



**सारंगढ़ बिलाईगढ़ ।** कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देश पर और प्रभारी अधिकारी चंद्रपाल सिंह ठाकुर के नेतृत्व में एफएसटी और वीएसटी टीम को जिले के डोंगरीपाली थाना अंतर्गत बिरनीपाली बैरियर में ओडिशा से छत्तीसगढ़ आ रहे गणेश जगत से एक लाख छह हजार 990 रूपए नगद प्राप्त हुआ है, जिसका संतुष्ट जवाब टीम को नही दिया गया। प्राप्त नगद राशि पर कार्यवाही करते हुए जप्त किया गया है। जांच टीम में चैतन कुमार जायसवाल, निलेश राव, सुशील यादव और प्रमोद साहू सहित अन्य सहयोगी शामिल थे।

### व्यय प्रेक्षकों ने सी-विजिल एवं कंट्रोल रूम का किया अवलोकन

#### निर्धारित समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश

**राजनांदगांव (आरएनएस)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा डोंगरगांव एवं खुज्जी के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक डॉ. ललिता कुमारी तथा विधानसभा डोंगरगढ़ एवं राजनांदगांव के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक मुग्धा किरण सरदेशपाण्डे ने आज कलेक्टोरेट में बनाए गए सी-विजिल एवं कंट्रोल रूम का अवलोकन किया। उन्होंने सी-विजिल के संबंध में भी जानकारी ली और निर्धारित समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण करने निर्देशित किया। सी-विजिल के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन एवं अन्य शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर शिल्पा देवांगन सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### डाकमत पत्र से मतदान के लिए पहचान पत्र रखना अतिआवश्यक

**दुर्ग (आरएनएस)।** विधानसभा निर्वाचन-2023 के तहत आयोजित द्वितीय प्रशिक्षण के दौरान मतदान दल में संलग्न अधिकारी/ कर्मचारियों को प्रशिक्षण स्थल पर सुविधा केन्द्र के माध्यम से डाकमत पत्र द्वारा मतदान किया जाना है, जिसके लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पहचान पत्र की प्रतियों में से अपने किसी एक पहचान पत्र के साथ उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे।



# सामान्य प्रेक्षक तापस राय ने किया मतदान केन्द्रों का अवलोकन



**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** सारंगढ़ विधानसभा 17 के सामान्य प्रेक्षक तापस राय (आईएएस) ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सारंगढ़ के सामने स्थित मतदान केंद्र और खैरहा मतदान केंद्र का अवलोकन किया।

# निर्वाचन आयोग ने किया सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के मतदान केंद्रों के भवनों, स्थल और नाम परिवर्तन प्रस्तावों का अनुमोदन

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले के विधानसभा क्षेत्रों के भवन, स्थल और नाम परिवर्तन के प्रस्तावों को निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदन दिया गया है। छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए जिले से सम्बन्धित विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों के 8 भवन परिवर्तन के लिए राज्य निर्वाचन आयोग को प्रस्तावित किया गया था।

निर्वाचन आयोग के अनुमोदन उपरांत भवन परिवर्तन में सारंगढ़-17 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक-149 दानसरा-1 क.प्रा. शाला भवन दानसरा को हाईस्कूल दानसरा, मतदान केंद्र क्रमांक -149 दानसरा-2 क.मा. शाला भवन को हाईस्कूल दानसरा, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक-168 सारंगढ़ ग्रामीण प्राथमिक शाला कुशलनगर को आंगनबाड़ी केन्द्र कुशलनगर, मतदान केंद्र क्रमांक-170 प्राथमिक शाला भवन रानीसागर को प्रा. शाला खैरहा एवं मतदान केंद्र क्रमांक-202 प्रा. शा. तेन्दुढार को प्रा. शा. सुरली किया गया है।




इसी क्रम में बिलाईगढ़-43 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक-347 शा. प्रा. शाला भवन दुरुग को शा. उच्चतर मा. विद्यालय दुरुग, मतदान केंद्र क्रमांक-226 शा. प्रा. शाला भवन लिमतरी को अतिरिक्त कक्ष प्रा. शाला भवन लिमतरी एवं मतदान केंद्र क्रमांक-11 प्रा. शा. भवन कोटियाडीह को आदर्श शा. प्रा. शाला कोटियाडीह किया गया है।

# अमित जोगी ने पाटन सीट से नामांकन दर्ज कर सबको चौंकाया

### ❒ पाटन सीट पर टिकी सबकी निगाहें

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य की राजनीतिक समीकरण में आज अचानक बदलाव आ गया है। जुनियर जोगी ने पाटन विधानसभा सीट पर ताल ठोंक कर सबको चौंका दिया है। प्रदेश की बाकी विधानसभा सीटों पर जो मुकाबला होना है वह तो तय है, लेकिन इन सबके बीच अब पाटन सीट पर सबकी निगाह टिकी होगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पाटन विधानसभा से जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के सुप्रीमो अमित जोगी ने नामांकन दाखिल कर सबको चौंका दिया है। अमित जोगी ने बड़ी प्लानिंग के साथ नामांकन भरा है। पहले जोगी कांग्रेस ने शीतकरण महलवार को प्रत्याशी घोषित किया था। इसके बाद नामांकन की अंतिम तारीख को अचानक अपना पर्चा दाखिल कर दिया। पार्टी ने इसकी भनक किसी को नहीं लगने दी। अमित जोगी के चुनाव लडऩे से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और बीजेपी से उम्मीदवार सांसद विजय बघेल का सियासी समीकरण बिगड़ गया है। अमित की एंट्री से कांग्रेस यानी भूपेश बघेल को नुकसान की आशंका है और विजय बघेल को फायदा भी मिल सकता है। चाचा-भतीजे के इस जंग में अमित जोगी बाजी भी मार ले जाए तो कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी।



**पाटन में त्रिकोणी मुकाबला :** मरवाही उपचुनाव में जोगी परिवार का जाति प्रमाण-पत्र रद्द किए जाने से जोगी परिवार का कोई भी सदस्य चुनाव नहीं लड़ पाया था। पाटन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का गढ़ माना जाता है। ऐसे में पाटन से जोगी की एंट्री चर्चा का विषय बना हुआ है। भाजपा ने सबसे पहली सूची में सांसद विजय बघेल को पाटन से प्रत्याशी बनाकर सबको चौका दिया था। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भतीजे विजय बघेल को बीजेपी ने पाटन विधानसभा में उतारकर सियासी सहगर्मी बढ़ाई थी। अब अमित जोगी के पाटन से चुनाव लडऩे के बाद राजनीतिक माहौल और गरमा गया है।

# 10 साल से फरार स्थायी वारंटी को मध्यप्रदेश के सीहोर से पकड़ लाई जूटमिल पुलिस

**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर फरार आरोपियों एवं वारंटियों की धरपकड़ के क्रम में जूटमिल पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटना मामले के 10 साल से फरार वारंटी सजन कुमार उइके पिता मोहनलाल उइके उम्र 35 साल निवासी गुलाईपुरी थाना नसुल्तागंज जिला सीहोर (मध्यप्रदेश) को सीहोर से हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया गया जिसे आज दिनांक 30.10.2023 को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रायगढ़ के न्यायालय पेश किया गया है।

वारंटी सजन कुमार सिंह स्थायी वारंट की गिरफ्तारी से बचने लंबे समय से लुक छिप रहा था, पहले भी पुलिस टीम सीहोर (मध्यप्रदेश) वारंटी की पतासाजी में गई हुई थी किंतु वारंटी के फरार होने पर पुलिस टीम बैरंग लौट आई थी। जूटमिल पुलिस द्वारा वारंटी की पतासाजी के लिये उसके गांव में मुखबीर वारंटी के संबंध में सूचना देने लगाया गया था। थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक रामकिंकर यादव द्वारा अपने स्तर पर जिला सीहोर वारंटी पतासाजी कराया गया, वारंटी को उसके गांव में देखे जाने की सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी जूटमिल द्वारा दिगर राज्य वारंटी पतासाजी रवाना करने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से अनुमति प्राप्त कर थाना जूटमिल से सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र पटेल के हमराह आरक्षक त्रिभुवन को जिला सीहोर के रवाना किया गया। जूटमिल स्टाफ द्वारा वारंटी की पतासाजी कर वारंटी को हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया गया जिसे कोर्ट पेश किया गया।



# सारंगढ़ और बिलाईगढ़ विधानसभा के सभी प्रेक्षकों ने ली संयुक्त बैठक

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सारंगढ़ विधानसभा-17 के सामान्य प्रेक्षक तापस राय (आईएएस), बिलाईगढ़ विधानसभा-43 के सामान्य प्रेक्षक पवन कुमार (आईएएस), पुलिस प्रेक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा (आईपीएस) और व्यय प्रेक्षक रत्नेश कुमार सिंह (आईआरएएस) ने कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी और पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह की उपस्थिति में जिले के निर्वाचन सह नोडल अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने जिले के सामान्य जानकारी, निर्वाचन तैयारियों, व्यवस्था आदि के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक तापस राय ने कहा कि निर्वाचन के समाप्त होते तक सभी अपने ड्यूटी में सतर्क रहकर कार्य करते रहें। जब निर्वाचन कुशलपूर्वक समाप्त होगा तब चेहरे में स्वतः मुस्कान आएगा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम द्वय मोनिका वर्मा, डॉ. स्निग्धा तिवारी, डिप्टी कलेक्टर टी.आर. महेश्वरी, बी. एक्का, कोषालय अधिकारी चंद्रपाल सिंह ठाकुर सहित निर्वाचन के सभी नोडल अधिकारी उपस्थित थे।



### छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन-2023

# आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के बाद से निगरानी दलों द्वारा कुल 38.35 करोड़ रुपए की नगदी और वस्तुएं जब्त

**रायपुर।** राज्य में विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के लिए आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से 29 अक्टूबर तक की स्थिति में 38 करोड़ 34 लाख रुपए से अधिक की अवैध धन राशि तथा वस्तुएं जब्त की गई हैं। इनमें दस करोड़ 11 लाख रुपए की नगद राशि भी शामिल हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवर्तन एजेंसियों (इन्फोर्समेंट एजेंसीज) द्वारा निगरानी के दौरान विगत 29 अक्टूबर तक 30 हजार 840 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत 90 लाख 87 हजार 532 रुपए है। सघन जाँच अभियान के दौरान 14 करोड़ 82 लाख 76 हजार रुपए कीमत के 184 किलोग्राम से अधिक कीमती आभूषण तथा रत्न भी जब्त किए गए हैं। इनके अतिरिक्त अन्य सामग्रियां जिनकी कीमत नौ करोड़ 50 लाख रुपए से अधिक है, भी जब्त की गई हैं।




मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्यवाही किए जाने के संबंध में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा-निर्देशों के परिपालन में राज्य में विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के माध्यम से धन और वस्तुओं के अवैध परिवहन तथा संग्रहण पर कड़ी नजर रखी जा रही है। प्रदेश में लागू आदर्श आचार संहिता के अंतर्गत निगरानी दलों द्वारा सघन जाँच की कार्यवाही लगातार जारी है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480